INDIAN SCHOOL SOHAR
FINAL EXAM (2019-20)
**विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम-ब)**

No. of printed pages- 4

**दिनांक :** 10-03-2020 **पूर्णांक : 80**

**कक्षा :** IX **समय : 3 घण्टे**

**निर्देश : 1** इस प्रश्न-पत्र में **चार खंड** हैं- **क, ख, ग** और **घ**।
**2** चारो खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।
**3** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।
**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

## (खण्ड- क) (अपठित बोध)

### प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

जीवन का सबसे बडा कलाकार और सबसे सफल व्यक्ति वह है, जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है।चुनाव करने में तनिक भी भूल-चूक हो गई, तो असफलता, पतन और हानि सुनिश्चित है।कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं हैं, जैसे -माता-पिता का, देश काल का, जन्म-मृत्यु का; किंतु कुछ चुनाव हमारे अपने वश में हैं, जिन पर हमारी सफलता और असफलता निर्भर है।जैसे काम करने या न करने का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव और अच्छी-बुरी संगति का चुनाव।अच्छी-बुरी संगति का चुनाव इन समस्त चुनावों में सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस चुनाव पर ही हमारा आचरण, हमारा कर्म, हमारे विचार, हमारी कर्मशैली, हमारी भाषा का स्तर, हमारी मनुष्यता का स्तर और हमारी सफलता -असफलताओं की संभावनाएँ निर्भर हैं।

मनुष्य का चित्त बुराइयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी आकर्षित होता है; क्योंकि जिस प्रकार पानी सदैव निचाई की ओर ही तेज़ी से बहता है, उसी तरह मनुष्य का मन बुराइयों की तरफ़ तेज़ी से भागता है; क्योंकि अच्छाई की ओर चलने के लिए परिश्रम करना पड़ता है, ऊँचाई की तरफ चढ़ने में कष्ट उठाना पड़ता है; इसलिए बुरे और दुष्ट लोग, बुरी घटनाएँ और ओछे वाक्य हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं; पर यहीं हमारे विवेक और बुद्धि की परीक्षा है।अच्छे -बुरे का यह चुनाव ही हमारे भाग्य का निर्माण है

**प्रश्न (क)** उपयुक्त चुनाव करने वाले व्यक्ति को लेखक ने क्या कहा है ? 2
**प्रश्न (ख)** हमारी सफलता -असफलता की संभावनाएँ किस बात पर निर्भर हैं ? 2
**प्रश्न (ग)** मनुष्य का चित्त बुराइयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी क्यों आकर्षित होता है ? 2
**प्रश्न (घ)** कौन-से चुनाव मनुष्य के वश में नहीं है? 2
**प्रश्न (ङ)**`आकर्षित` शब्द में से उपसर्ग तथा प्रत्यय अलग करके लिखिए। 1
**प्रश्न (च)** हमारे भाग्य का चुनाव किस बात पर निर्भर करता है ? 1

## (खण्ड- ख) ( व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 2 (क) वर्ण - विच्छेद कीजिए -** 1

सौभाग्य , हस्ताक्षर

**(ख) वर्ण - संधि कीजिए -** 1

म् + आ + र् + म् +इ + क् +अ

प् + इ + त् + अ + र् + अ+ प्+ अ + क् + ष्+ अ

**प्रश्न 3 (क) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए -** 3

धार्मिक , ईश्वरत्व , अभियान

**प्रश्न 4 (क) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर अनुस्वार, अनुनासिक व नुक्ते का प्रयोग करके शब्दों को पुन: लिखिए -** 3

ससार , हररोज , बाट, तूफान, बचेद्री, टाग

**प्रश्न 5 (क) निम्नलिखित शब्दो में संधि-विच्छेद कीजिए -** 2

सत्याग्रह , भावुक

**(ख) निम्नलिखित में संधि कीजिए -** 2

नि : + रोग , उत् + लेख

**प्रश्न 6 (क) निम्नलिखित के लिए विराम - चिह्न लिखिए ।** 2

(I) अल्पविराम (II) लाघव-चिह्न (III) पूर्णविराम (IV) उपविराम

**(ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम -चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य पुन लिखिए :** 2

कर्नल खुल्लर के शब्दों में यह इतनी ऊँचाई पर सुरक्षा कार्य का एक ज़वरदस्त साहसिक कार्य था

## (खण्ड- ग) ( पाठ्य - पुस्तक)

**प्रश्न 7 - निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (30 -40 शब्दों) में लिखिए।**

(क) लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता था ? 2

(ख) मनुष्य को क्या भान होता जिससे वह कीचड का तिरस्कार न करता ? 2

(ग) कौन-सा कार्य देश की स्वाधीनता के विरुद्ध समझा जाएगा ? 2

(घ) साउथ कोल कैंप पहुँचकर लेखिका ने अगले दिन की महत्त्वपूर्ण चढ़ाई की तैयारी कैसे शुरू की ? 2

**प्रश्न 8 -** पाठ का शीर्षक 'दुख का अधिकार' कहाँ तक सार्थक है ? 'दुख का अधिकार' पाठ के आधार पर 80-100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाडला बना दिया था ? 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर 80-100 शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न 9 -पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (30 -40 शब्दों) में लिखिए।**

(क) कविता में कितने तरह के हाथों की चर्चा हुई है?'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आधार पर लिखिए। 2

(ख) 'आदमीनामा ' कविता का कौन-सा भाग आपको सबसे अच्छा लगा और क्यों? 2

(ग) प्रेम का धागा टूटने पर वह पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता? 2

(घ) 'रैदास' ने अपने स्वामी को किन-किन नामों से पुकारा है ? 2

**प्रश्न 10 -** 'अग्नि पथ' कविता का मूल भाव क्या है ? 80-100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

' नए इलाके में' कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है? 80-100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 11 -** (क) जज को पटेल की सज़ा के लिए आठ लाइन के फ़ैसले को लिखने में डेढ़ घंटा क्यों लगा ? 'दिये जल उठे ' पाठ के आधार पर 60-70 शब्दों में लिखिए। 3

(ख) मक्खनपुर जाने वाली बच्चों की टोली रास्ते में पड़ने वाले कुएँ में ढेला क्यों फेंकती थी ? 'स्मृति' पाठ के आधार पर 60-70 शब्दों में लिखिए। 3

## (खण्ड- घ) ( लेखन)

**प्रश्न 12 -** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 6

(क) संगति का प्रभाव

(i) संगति का असर (ii) अच्छी संगति के परिणाम

(iii) बुरी संगति के दोष (iv) चरित्र निर्माण और सत्संगति

(ख) प्रकृति की रक्षा, मानव की सुरक्षा

(i) मनुष्य प्रकृति का अंग (ii) प्रकृति से खिलवाड

(iii) बढ़ता प्रदूषण (iv) प्रकृति की रक्षा मानव जाति का कर्तव्य

(ग) मेरा प्रिय खिलाड़ी

(i) खिलाड़ी का नाम (ii) खिलाड़ी के प्रति प्रेम का कारण व विशेषता

(iii) अन्य किसी खिलाड़ी से तुलना (iv) खिलाड़ी से प्रेरणा

**प्रश्न 13-** अपने प्रिय मित्र को उसकी वर्षगाँठ पर बधाई देते हुए **80-100** शब्दों में पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने छोटे भाई को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर **80-100** शब्दों में बधाई-पत्र लिखिए।

**प्रश्न 14-** शिक्षक दिवस के कार्यक्रम को लेकर दो विद्यार्थियों के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50-60** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। 5

**अथवा**

आने वाली गर्मियों की छुटटियों में कहीं बाहर घूमने जाने के लिए पिता और पुत्र के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50-60** शब्दों मे संवाद के रूप में लिखिए।

**प्रश्न 15-** 'अमूल आइसक्रीम' के प्रचार के लिए **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

बाज़ार में नई सुविधाओं वाला मोबाइल आया है। इसके प्रचार के लिए **25** से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न 16-** दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को **25** से **30** शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन चित्र से संबद्ध होना चाहिए। 5

